# आकाशवाणी शिमला
## 01.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

## मुख्य समाचार

- **केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा– पिछले 11 वर्षों में देश में स्थापित हुए विकास के नए आयाम।**
- **सुजानपुर में राष्ट्र स्तरीय होली मेला शुरू– उत्सव के शुभारम्भ पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा।**
- **नशा तस्करी के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी– आज प्रदेशभर में छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद।**
- **कांगड़ा ज़िले के पंचरूखी में राष्ट्रस्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू– देशभर से आठ टीमें ले रही भाग।**

## किरेन रिजिजू

केंद्रीय संसदीय व अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में देश में विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं। चंबा ज़िले के भंजराडू और सलूणी में आज जनसभाओं के दौरान उन्होंने कहा कि इस अवधि में सड़क सुविधाओं और बैंकिंग सेवाओं सहित मोबाईल व इंटरनेट सेवाओं में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। किरेन रिजिजू ने कहा कि केंद्र सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के साथ–साथ भविष्य की अन्य जरूरते पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय मंत्री ने भंजराडू और सलूणी में इंडोर स्टेडियम सहित भंजराडू आई.टी.आई. भवन की आधारशिला भी रखी। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों पर करीब 26 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी और इंडोर स्टेडियम व आई.टी.आई. बनने से युवाओं के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी। ––बाईट–किरेन रिजिजू–31''––

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अल्पसंख्यक मंत्रालय द्वारा चंबा ज़िला में 31 करोड़ रुपये के विकास कार्य आरम्भ किए गए हैं। इस अवसर पर सांसद राजीव भारद्वाज ने केंद्र सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। विधायक डी.एस. ठाकुर भी इस दौरान मौजूद रहे।

## कृषि मंत्री

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि सरकार शिक्षा के प्रसार के साथ उसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे रही है। कांगड़ा जिले के राजकीय महाविद्यालय ज्वाली के समारोह में उन्होंने कहा कि समय की मांग पर शिक्षा क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा हैं। कृषि मंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी मॉडल डे–बॉर्डिंग स्कूल का निर्माण किया जा रहा है, जहां विद्यार्थियों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।

## होली मेला

हमीरपुर ज़िले के सुजानपुर में राष्ट्र स्तरीय होली मेला आज से शुरू हो गया है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सुजानपुर के मुरली मनोहर मंदिर में विधिवत पूजा–अर्चना कर मेले का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सुजानपुर शहर में एक शोभा यात्रा भी निकाली गई। बाद में उप–मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकासात्मक प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन प्रदेश की लोक संस्कृति को जीवंत रखने के साथ–साथ पर्यटन को बढ़ावा देते हैं और अगले वर्ष से इस मेले को अंतर्राष्ट्रीय उत्सव के रूप में मनाया जाएगा।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि महाराजा संसारचंद की नगरी सुजानपुर में होली उत्सव वर्षों से परम्परागत रूप से धूम–धाम से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि ये मेला प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है।

**पालमपुर मेला**

दूसरी ओर पालमपुर में राज्य स्तरीय होली मेले का विधायक आशीष बुटेल ने शुभारम्भ किया। इस मेले में गद्दी समुदाय की करीब 3 सौ महिलाओं द्वारा पारम्परिक परिधान में डाली गई महानाटी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। बुटेल ने कहा कि पालमपुर होली मेले में पहली बार महानाटी का आयोजन किया गया है जिसके लिए प्रशासन बधाई का पात्र है।

**अभियान**

प्रदेश में नशा तस्करी के विरूद्ध पुलिस का व्यापक अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में आज प्रदेश के सभी ज़िलों में करीब एक सौ 45 स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाया गया। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार इस दौरान भारी मात्रा में मादक पदार्थ और अवैध शराब बरामद की गई। पुलिस विभाग ने नागरिकों से नशे से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत एक सौ 12 नम्बर या नजदीकी पुलिस थाने में देने की अपील की है।

**आयुष मंत्री**

कांगड़ा जिले के पंचरूखी में अखिल भारतीय डॉक्टर यशवंत सिंह परमार वॉलीबॉल प्रतियोगिता आज शुरू हुई। आयुष और युवा सेवाएं व खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर कहा कि नशे को समाप्त करना और खेलों को प्राथमिकता देना राज्य सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने लोगों से भी युवाओं को नशे से बचाने के लिए उन्हें खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। यादविंद्र गोमा ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक सुदृढ़ता प्रदान करते हैं बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। इस प्रतियोगिता में देशभर से 8 टीमें भाग ले रही हैं।

**अध्यापक**

राजकीय प्राथमिक अध्यापक फैडरेशन ने राज्य सरकार द्वारा लागू की गई क्लस्टर प्रणाली के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस मुद्दे को लेकर प्राथमिक शिक्षकों ने आज शिमला सहित राज्य के विभिन्न ज़िलों में रोष प्रदर्शन किया। शिक्षकों का मुख्य विरोध इस प्रणाली से उनकी पदोन्नति के अवसर खत्म होने और प्राथमिक शिक्षा ढांचे के साथ कथित छेड़छाड़ को लेकर है। शिमला में प्रदर्शन के दौरान अध्यापक फैडरेशन के ज़िला अध्यक्ष मनोज नेगी ने कहा कि इस प्रणाली को लेकर शिक्षकों ने कई बार मुख्यमंत्री से बातचीत की है लेकिन उनकी मांगों को हमेशा अनसुना ही किया गया है। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि उन्हें जल्द वार्ता के लिए नहीं बुलाया गया तो आने वाले समय में सरकार के खिलाफ बड़ी आक्रोश रैली की जाएगी।

**चिंतन शिविर**

साईं इटरनल फाउंडेशन के तत्वावधान में आज राजधानी शिमला के न्यू शिमला में सामाजिक कल्याण संस्थाओं का चिंतन शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में पर्यावरण संरक्षण, नशा निवारण सहित सामाजिक समरसता से जुड़े मुद्दों पर विचार किया गया। कार्यक्रम में सूचना व जनसंपर्क विभाग की पूर्व निदेशक आरती गुप्ता समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। चिंतन शिविर में सामाजिक संस्थाओं से आपसी सदभाव, एकता और सहयोग के साथ कार्य करने का आहवान किया गया।

**जनगणना**

भारत की आगामी जनगणना के पहले चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना को लेकर कार्यशाला आज शिमला में शुरू हुई। कार्यशाला में एक से 3 मार्च और 5 से 7 मार्च तक दो चरणों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जनगणना कार्यालय निदेशालय की निदेशक दीपशिखा शर्मा ने बताया कि ये भारत

की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना होगी। इसके तहत डाटा संग्रह मोबाइल ऐप और वैब पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनेगी।

**किसान सभा**

हिमाचल किसान सभा सिरमौर का जिलास्तरीय सम्मेलन आज नाहन में हुआ जिसमें किसानों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। किसान सभा के राज्य सचिव राकेश सिंघा ने कहा कि प्रदेश में किसानों की हर चीज की लागत लगातार बढ़ रही है और आय बेहद कम है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि किसानों के पास ज़मीन की कमी के कारण भी खेती लगातार घाटे का सौदा बन रही है।

राकेश सिंघा ने भूमिहीन किसानों को जल्द पांच बीघा भूमि उपलब्ध करवाने का आग्रह भी किया।

**भाजपा**

प्रदेश भाजपा ने बीते दिनों दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय ए.आई. समिट में युवा कांग्रेस द्वारा किए गए प्रदर्शन को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। एक बयान में पार्टी महासचिव संजीव कटवाल ने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम में मुख्यमंत्री कार्यालय की भूमिका संदिग्ध है और इसकी स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच जरूरी है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस मुद्दे पर चुप नहीं रहेगी और सच सामने लाने के लिए पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा।

**आभार**

कांग्रेस विधायक हरीश जनारथा ने आई.जी.एम.सी. शिमला में अत्याधुनिक थ्री–टैस्ला एम.आर.आई. मशीन स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि सरकार का ये कदम राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को अत्याधुनिक बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस मशीन के स्थापित होने से मरीजों को अब उन्नत जांच के लिए प्रदेश से बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

**मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा– पिछले 11 वर्षों में देश में स्थापित हुए विकास के नए आयाम।
- सुजानपुर में राष्ट्र स्तरीय होली मेला शुरू– उत्सव के शुभारम्भ पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा।
- नशा तस्करी के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी– आज प्रदेशभर में छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद।
- और कांगड़ा ज़िले के पंचरूखी में राष्ट्रस्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू– देशभर से आठ टीमें ले रही भाग।

——————————